हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 दिसंबर 2023

04 स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद...



07 फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट द्वारा मेड़तवाल समाज ...





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

### कॉलोनाइजारों ने कॉलोनी में प्लॉट बेचते समय लोगों से किए लुभावने वादे

# धोखाधड़ी: आठ साल पहले प्लॉट की रजिस्ट्री और नामांतकरण कराने के बाद अभी तक नहीं मिला प्लॉट

कॉलोनाइजर के झांसे में आकर लोगों ने शहर बीचों_बीच इग्लिशपुरा में गुलमोहर कॉलोनी में जीवन भर की जमा पूंजी लगा कर खरीद लिए प्लाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। वार्ड क्रमांक 10 में शहर के बीचों बीच इंग्लिशपुरा क्षेत्र में काटी गई गुलमोहन कॉलोनी।




सीहोर। इस तरह के लुभावने वायदे कर बेचे गए थे प्लॉट।

कॉलोनाइजर्स की बातों में आकर जीवनभर की पूंजी इन्हें सौंपने वाले लोगों के लिए हरिभूमि ने एक अभियान शुरू किया है। अभियान की शुरुआत शहर के इंग्लिशपुरा क्षेत्र स्थित गुलमोहर कॉलोनी से। कॉलोनी डेवलप करने वालों ने लोगों को डायवर्डटे कॉलोनी में प्लांट देने का झांसा देकर धोखाधड़ी की है।

वार्ड दस इग्लिशपुरा क्षेत्र में सपनों के सौदागारों ने गुलमोहर कॉलोनी के नाम से करीब पांच एकड़ में चूना डालकर प्लाटिंग की थी। कॉलोनी का निर्माण 2010 में गुलमोहर कॉलोनी के नाम से शुरू किया था। कॉलोनाइजारों ने कॉलोनी में प्लाट बेचते समय लोगों से लुभावने वादे किए। साथ ही आकर्षक उपहार योजना भी शुरू की। प्रथम पुरस्कार मारुती कार, द्वितीय बाइक सहित कम्प्यूटर, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, अलमारी, मिक्सर, सीडी प्लेयर, सीलिंग फैन और अन्य आकर्षक उपहार योजना शुरू की। साथ ही कॉलोनी में मुख्य मार्ग 20 से 25 फीट चौड़े, पानी की भरपूर सुविधा, बिजली के खंबे लगाने जैसे लोक लुभावने वादे किए। कॉलोनाइज के झांसे में आकर यहां लोगों ने प्लाट भी खरीद लिए। लेकिन जब प्लाट खरीदने वाले अपना मकान बनाने के लिए पहुंचे तो जमीन मालिक ने उन्हें कब्जा देने से मना कर दिया। अब करीब आठ से दस साल बीत जाने के बाद भी प्लाट खरीदने वालों को उनका प्लाट नहीं मिला है।

**सपनों के लुटेरों के खिलाफ हरिभूमि का अभियान**

### डायवर्सन शुल्क जमा नहीं किया है, तो जमीन मलिक ने नहीं दिया कब्जा

गुलमोहर कॉलोनी में प्लाट खरीदने वाले पवित्र त्यागी ने बताया कि उन्होंने करीब आठ साल पहले गुलमोहर कॉलोनी में 15 वाय 55 स्क्वायर फीट के प्लाट की रजिस्ट्री कराई थी। रजिस्ट्री के बाद नामांतरण कराया और जब कुछ समय बाद खरीदे गए प्लाट पर कब्जा लेने के लिए पहुंचे तो जमीन मलिक ने कब्जा देने से मना कर दिया। पवित्र त्यागी और जितेंद्र त्यागी ने बताया कि जमीन मालिक से कॉलोनइजर ने जमीन की रजिस्ट्री के पवार लेकर रजिस्ट्री तो करा दी।

लेकिन डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कराया, जिसके कारण जमीन मालिक रामप्यारी बाई पत्नी स्वर्गीय लक्ष्मण काछी के परिजन उन्हें मकान नहीं बनाने दे रहे हैं। वहीं कॉलोनी काटने वाले राकेश और दीपक भी उन्हें प्लाट पर कब्जा नहीं दिला रहे हैं। कॉलोनाइजर्स की इस करतूत की कीमत लोगों को चुकाना पड़ रही है।

### चूना डालकर काट दी थी कॉलोनी

कॉलोन में प्लाट खरीदने वाले जितेंद्र त्यागी और ईश्वर सिंह जाट बताया कि गुलमोहर कॉलोनी के नक्शा और ड्राइंग पर प्लाट बेचते समय कॉलोलाइजार ये यह दावा किया गया था कि सड़क बना कर और बिजली के खंबे लगा देंगे। साथ ही सुकून देने वाले बगीचे को विज्ञापन में दिखाए गया। लेकिन अभी अगर कुछ है तो चारों तरफ बगीचों में उग रही जंगलनुमा झाड़ियां और गड्ढों से भरी सड़क। ईश्वर सिंह जाट ने बताया कि प्रशासन को उनको प्लाट का कब्जा दिलाना चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई करना चाहिए।

### आप भी ऐसी ठगी का शिकार हुए हैं तो हमें बताएं

पक्की सड़क, भरपूर पानी, बिजली और गार्डन के साथ विकसित कॉलोनी का सपना दिखाकर धोखा देने वालों को सबक सिखाया जाना चाहिए। महंगे प्लॉट-मकान खरीदने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे लोगों के हक की आवाज बनेगा हरिभूमि। कॉलोनाइजर-बिल्डरों के धोखे की शिकायत हमें करें। शिकायतों की सत्यता की जांच के बाद हरिभूमि प्रमुखता से प्रकाशित करेगा और सपनों के लुटेरों पर पुलिस-प्रशासन से कार्रवाई करवाएगा।

सिर्फ वॉट्सएप करें- 9755123812

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सीहोर रंग महोत्सव एक जनवरी से

**सीहोर।** मृत्युंजय कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी सीहोर द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय सीहोर (सिद्धपुर) रंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 1 जनवरी से शुरू होकर 3 जनवरी तक शहर के भोपाल नाका स्थित चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। इसमें रंगकर्मी शाम 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक नाटक का मंचन करेंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में दर्शकों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### कॉलेजों में एंटी रैगिंग कमेटी के बोर्ड लगाएं

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों में शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग प्रकरणों के आने के बाद अब सख्ती बरतना शुरु की है। इसके लिए प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजा है। इसमें एंटी रैगिंग कमेटी को शैक्षणिक संस्थानों में कार्यशील करने तथा साइन बोर्ड पर नंबर लिखने के लिए कहा गया है। बता दें कि पिछले दिनों सीहोर जिले के निजी इंस्टीट्यूट के हॉस्टल तथा जेयू के एक हॉस्टल के छात्र के साथ रैगिंग की शिकायत सामने आई थी।

### आयुष्मान आपके द्वार-3.0 अभियान 31 तक

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आयुष्मान भव योजनांतर्गत मिशन मोड में 31 दिसंबर 2023 तक स्वास्थ्य सेवाओं का संतृप्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में 31 दिसंबर तक समस्त शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। योजना के तहत आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला हेल्थ एंड बेलनेश संटर स्वास्थ्य संस्थाओं पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर, आंगनबाड़ी एवं शासकीय शालाओं में बच्चों की स्क्रीन, आयुष्मान ग्राम पंचायत, सेवा पकड़ा का आयोजन किया जाना है।

### बुखार में बच्चों की आंखें हो रही हैं लाल

**सीहोर।** सर्दी के इस मौसम में वायरल फीवर अपना असर दिख रहा है। इस बार बच्चों को वायरल होने पर उन्हें तेज बुखार के साथ सर दर्द होने की और आंखों में लालपन आने की समस्या हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दी से बच्चों का बचाव करें बच्चों का सर और कान ढंक कर रखें।

## दूध के गिरते दामों से परेशान गोपालकों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन, दूध के दाम बढ़ाने की मांग की

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर गोपालक किसानों ने ज्ञापन दिया है। दूध कंपनियों पर काफी कम दाम में दूध खरीद कर लोगों को महंगे दामों पर दूध बेचने का आरोप गोपालकों ने लगाया है। पशुचारा दाना की बढ़ती कीमतों से हैरान गोपालक किसानों को अब दूध के गिरते दामों ने परेशान कर दिया है। गोपालकों ने कलेक्टर से सरकारी स्तर पर गाय का दूध 50 रूपये लीटर और भैस का दूध 60 रूपये लोटर कराएं जाने की मांग की है।




गोपालक किसान विनय सिंह दांगी ने बताया की सरकारी दूध संघ गोपालकों से गाय का दूध 25 रूपये लीटर और भैस का दूध 32 रूपये लीटर खरीदकर अमूल, सांची जैसी अन्य कंपनियों को उपलब्ध करा रहा है। यह कंपनियां आम शहरी उपभोक्ताओं को पेकेट में 60 से 80 रूपये लीटर के भाव से दूध उपलब्ध करा रही है। गोपालक किसानों आर्थिक नुकसान देकर कंपनियां मुनाफा कमा रही है जबकी पशुओं का चारा और दाना खली काफी महंगा हो गया है। गोपालक किसान दूध बेचकर भी खर्चा नहीं निकाल पा रहा है। ज्ञापन देने वालों में गोपालक विनया सिंह दांगी, प्रमोद नागर, सुमित, लखन पारीदार, राम सिंह, भेरूलाल, मांगीलाल, मुकेश, भैयालाल आदि शामिल रहे।

## हाथ ठेला वालों से बिगड़ी स्थिति, नपा और यातायात पुलिस पार्किंग स्थल बनाने पर नहीं दे रही ध्यान

**सीहोर।** सड़कों पर वाहनों की पार्किंग हो रही है। दोपहिया हों या फिर चार पहिया, लोग इन वाहनों को इस तरह सड़कों पर खड़ा कर देते हैं कि यहां से जब भी बड़े वाहन गुजरते हैं तो जाम लग जाता है। यह स्थिति इंग्लिश पुरा क्षेत्र में बन रही है। यहां पर बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटर हैं। छात्र-छात्राएं यहां हर रोज पढ़ने आते हैं लेकिन इनके वाहनों से आवागमन बाधित होता है। वाहनों की पार्किंग के लिए कहीं पर भी पर्याप्त जगह नहीं है जिससे स्थिति हर रोज बिगड़ रही है।



सीहोर। मेन रोड पर इस तरह हाथ ठेले वाले बीच सड़क पर खड़े हो जाते हैं।

### शहर में कई जगह इस तरह की स्थिति

शहर की बात करें तो इस तरह की स्थिति कई जगह हर रोज बनती है। लिसा टॉकीज चौराहा से पान चौराहा के बीच इस तरह लोग वाहनों को खड़ा कर देते हैं कि वहां से चार पहिया वाहन निकलने में कठिनाई हो रही है। यह जाम भी उसी समय लगता है जब इस मार्ग से कार गुजरती है। हाथ ठेलों के अलावा इन दुकानों के आगे खड़ी की जा रही बाइक के कारण भी जाम लगता है।

**बड़ा बाजार में दोनों तरफ खड़े हो रहे फल-सब्जी के ठेले :** मेन रोड पर बड़ा बाजार के सामने भी जाम लग रह है। यहां पर दोनों तरफ सब्जी और फलों के ठेले खड़े हो रहे हैं। इनके कारण जब भी बड़ा बाजार तरफ से चार पहिया वाहन लिसा टॉकीज या फिर अमर टॉकीज रोड तरफ जाते हैं तो यहां पर टर्न ही नहीं ले पाते हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि दोनों तरफ इन हाथ ठेलों से यहां से निकलना कठिन हो जाता है और फिर जाम लग जाता है।

## गौ संरक्षण रैली निकालकर बताए गौ उत्पादों के फायदे, एनसीसी कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शाहपुर कोडिया स्थित वेदिका गौशाला ने गौ संरक्षण अभियान की शुरुआत की है। इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय पीजी महाविद्यालय से एक रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को गौ सेवा के प्रति जागृत करना था।

रैली में गौशाला के कार्यकर्ताओं के साथ एनसीसी के करीब 70 कैडेट्स ने शहर में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरुक किया। इस दौरान गौ सेवकों ने आम लोगों को गाय के धार्मिक आध्यात्मिक और आर्थिक महत्व के साथ गौ उत्पाद से होने वाले फायदे के बारे में भी विस्तार से बताया। सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सांसद प्रतिनिधि प्रदीप वशिष्ठ की अगुवाई में निकाली गई रैली की शुरुआत पीजी कॉलेज से शुरू हुई, जो कोतवाली चौराहे से होती हुई लीसा टॉकीज चौराहे पर समाप्त हुई।




इस दौरान कई व्यापारियों ने गौशाला के लिए चंदा देने के साथ भूसे का प्रबंध करने की सहमति दी।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं। सड़कों पर द्रुतगति वाहनों की चपेट में आकर न केवल ये घायल होते हैं बल्कि दुर्घटना में जन-धन और पशु सबकी हानि होती है।




### राशन कार्ड नहीं बनने से लोगों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

# सैकड़ों महिलाओं के साथ सपा करेगी तहसील का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जहांगीरपुरा गांव में अनेक परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने को मजबूर है। गांव की महिलाएं बीते छा माह से बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसीलदार सीहोर के चक्कर काट रही है। उक्त महिलाएं मंगलवार को भी समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंची और गरीबी रेखा राशन कार्ड प्रदान करने की मांग की।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने बताया की जहांगीरपुरा में कई वर्षो से अनेक परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है यह के नागरिक कच्चे मकानों में रह रहे है गरीब परिवारों को सरकारी राशन तक नहीं मिल रहा है। गरीबी रेखा का राशन कार्ड नहीं होने से शासन की अनेक योजनाओं का लाभ भी उक्त परिवारों को नहीं मिल रहा है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील के नेतृत्व मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय और तहसील कार्यालय में इस संबंध में आवेदन भी दिया है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने कहा की तहसील कार्यालय पहुंची महिलाओं से तहसीलदार ने मिलने से भी इंकार कर दिया बीते छा माह से तहसीलदार गरीब तबके की महिलाओं को इसी प्रकार परेशान कर रहे है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने जिला प्रशासन से जहांगीरपुरा गांव में समस्या समाधान और गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाने की लिए कैंप लगाने की मांग की है अगर मांग पूरी नहीं की जाती है तो आगामी मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं के साथ तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे जिस की समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं में आरती, मनीषा, यशोदा, प्यारेलाल, पुष्पा, लेखाराम, शोभा, राकेश, गुलाबबाइर, विनोद, मानू, सिकंदर, डाली, प्रदीप, ललिता, अजय, भगवती, मनोज, रीना, नंदकिशोर, माया, योगेश, गीता, ओमप्रकाश, कामिनी, नीरज, रचना, राकेश, आरती, बंटी, रेखा, धीरज आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### 31 तक रबी फसलों का बीमा करा सकते हैं,बीमा दर निर्धारित

**सीहोर।** कृषि विभाग ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषक भाईयों को सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत रबी 2023 के लिये सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर, बटाईदार किसानों के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। गेहूं सिंचित के लिए 765 प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 540 प्रतिहेक्टेयर, चना के लिए 514.50 प्रतिहेक्टेयर एवं राई, सरसों के लिए 450 प्रति हेक्टेयर दर निर्धारित है। ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा अनिवार्य रूप से करा दिया जाता है एवं आऋणी कृषक फसल बीमा के लिए बैंक, एमपी ऑनलाइन, जनसेवा केन्द्र सीएससी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसानों को बीमा कराने के लिए अनिवार्य दस्तावेज आधार कार्ड नवीनतम, मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक जिसमें किसान का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, खसरा-बी-1 नवीनतम, खसरा अनुसार बोई गई फसल का प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र, किरायेदार किसान के लिए किरायानाम का शपथ पत्र होना अनिवार्य है।

### श्रीराम की नगरी अयोध्या से आए अक्षत कलश देवास पहुंचे

# श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त पुनीत अक्षत कलश का हुआ पूजन व वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से रविवार को देवास पहुंचे अक्षत कलश की विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में पूजा सम्पन्न हुआ। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित पुनीत अक्षत कलश का पूजन एवं वितरण का कार्यक्रम स्थानीय जवाहर चौक में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा प्रभु श्री राम जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलन कर हुआ इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि के रूप में नारायण कुटी आश्रम के स्वामी सुरेशानंद तीर्थ महाराज एवं मुख्यवक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष हुकुमचंद सावला रहे। स्वामी सुरेशानंद तीर्थ जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री राम के जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारना,श्री राम के आदर्श को पालन करते हुए समाज एवं देश को दिशा देनी है।


मुख्तावक्ता के रूप मे सांवला ने सभा को सम्बोधित करते हुए श्री रामजन्मभूमि के इतिहास का वर्णन बताया कि किस प्रकार से विक्रमादित्य महाराज ने अयोध्या में सरयू तट पर श्री रामजन्मभूमि की खोज करके वहां पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया था। एवं किस प्रकार से 1528 में विदेशी आक्रांता बाबर ने 70 दिन लंबे चले युद्ध के बाद उसे मंदिर को तोप के गोले से विध्वंस कर एक अवैध ढांचे का निर्माण किया था।उसके बाद से वर्तमान काल तक कुल 76 युद्ध राम भक्तों ने श्री राम जन्मभूमि के लिए लड़े जिसमें हजारों राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इतने विकट संघर्षों के बाद भी राम भक्तों ने श्री राम लाल के जन्म भूमि को वापस पाने के लिए संघर्षरत रहे। आपने 22 दिसंबर 1949 को जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्रकट होने का व्रतांत भी बताया।

सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि जिस प्रकार श्री राम जी अधर्म का नाश करके अयोध्या पधारे थे,उसी प्रकार आप भी अयोध्या पधारे तो अधर्म का नाश करके ही पधारे। सांवला ने श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में बताया की श्री राम लला की 51 इंच ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी,इस अनुष्ठान में 17 जनवरी को श्री रामलला सरयू स्नान करेंगे,प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 160 देश से लाये गए जल एवं मिट्टी से श्री रामलला का अभिषेक होगा।इस अवसर पर अनेक देश के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे साथ ही इस भव्य आयोजन को 60 से अधिक देशों में सीधे प्रसारण के रूप में दिखाया जाएगा। सावला ने सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को वे पूर्ण भक्ति भाव से अपने-अपने मोहल्ले, गांव,बस्ती के मंदिरों में उत्सव के रूप इस भव्य आयोजन को रामलला के भजन गाते हुए देखे। आगे कहा कि किस प्रकार से भारत में मंदिर अर्थव्यवस्था एवं रोजगार के केंद्र बिंदु हैं। भारत की जीडीपी में ढाई परसेंट से अधिक योगदान मंदिरों का है, देश में समरसता का प्रमुख केंद्र बिंदु भी मंदिर ही होते हैं इस अवसर पर अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का पूजन किया गया एवं इन अक्षत कलश को देवास नगर की 32 बस्तियां एवं देवास जिले के खंडों के प्रतिनिधियों को हस्तांतरित किया। सभी राम भक्त पूजित अक्षत कलशो को अपने सर पर रखते हुए शोभायात्रा के रूप में देवास के प्रमुख मार्गो से निकले। शोभा यात्रा में अखाड़ों का प्रदर्शन, मातृशक्तियों द्वारा मंगल गीत,राम भक्तों द्वारा भजन एवं छोटे-छोटे बच्चे राम दरबार की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहे।यह अक्षत कलश सभी बस्तियों में एवं खंडों में शोभायात्रा के रूप में पहुंचे जहां पर 31 दिसंबर तक प्रमुख मंदिरों पर रखा जाएगा। आगामी 01जनवरी से राम भक्त इन पूजित अक्षतो को घर-घर ले जाकर श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे।




# गेहूं फसल में जड़ माहू कीट लगने पर दवाओं का करें छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गेंहू में जड़माहू कीट एवं विभूति आदि किटों का प्रभाव कम हुआ है। फिर भी यदि गेंहू में जड़माहू किट का प्रभाव एवं गेंहू में पिलापन दिख तों दवा का छिड़काव जरूर करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षो की भाँति इस वर्ष भी गेंहू फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप दिखाई दे रहा है।

गेंहू फसल के खेतों में अनेक स्थानों पर पौधे पीले होकर सूख रहे हैं। समय पर निदान न किये जाने पर इस कीट द्वारा गेंहू फसल में बड़ी क्षति की सम्भावना रहती है। जड़ माहू कीट गेंहू के पौधे के जड़ भाग में चिपका हुआ रहता है, जो निरन्तर रस चूसकर पौधे को कमजोर व सुखा देता है। प्रभावित खेतों में पौधे को उखाड़कर ध्यान से देखने पर बारीक-बारीक हल्के पीले, भूरे व काले रंग के कीट चिपके हुए दिखाई देते हैं।

मौसम में उच्च आर्द्रता व उच्च तापमान होने पर यह कीट अत्यधिक तेजी से फैलता है। अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर यह कीट सम्पूर्ण फसल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनिया के वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक गेंहू फसल की बुवाई नही की गयी है, वहाँ पर बुवाई से पूर्व इमिडाक्लोरोप्रिड 48 प्रतिशत, एफएस. की 01 मिली. दवा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत, एफएस दवा की 1.5 मिली मात्रा प्रति किलोग्राम की दर से बीज उपचार अयवश्य करें। जिन क्षेत्रों में बुवाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है व कीट प्रकोप के लक्षण प्रारम्भिक अवस्था में हैं वहाँ किसान भाई इमिडाक्लोरोप्रिड़ 17.8 एसएल की 80 -100 मिली. मात्रा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 25 प्रतिशत डब्लूपीकी 80 ग्राम मात्रा अथवा एसिटामाप्रिड 20 प्रतिशत एसपी दवा की 60 ग्राम मात्रा प्रति एकड़, 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें या किसान भाई थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत कीटनाशक की 250 मिली मात्रा को 50 किलो यूरिया खाद में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

# आस्थाः 3 दिन लगातार अवकाश होने के कारण कई प्रदेशों से दूर-दूर से दर्शन करने आ रहे लोग

**सीहोर।** कुबेरेश्वरधाम में हर रोज बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं लेकिन शनिवार, रविवार और फिर सोमवार को अवकाश होने के कारण यहां पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने दर्शन किए। इ स दौरान लोगों ने रूद्राक्ष भी लिए। हालांकि रूद्राक्ष लेने के लिए काफी लंबी कतारें यहां पर देखी गई।

लगातार तीन दिन का अवकाश होने के कारण कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। यहां पर जब भी अवकाश होता है तो दर्शनार्थियों की लंबी कतारें देखी जाती हैं। इस बार शनिवार से लेकर सोमवार तक अवकाश था। इसलिए हर रोज यहां पर हजारों लोग आए और दर्शन किए।

**सबसे अधिक श्रद्धालु महाराष्ट्र से आए :** यहां पर कई प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंचे थे। सबसे अधिक श्रद्धालु महाराष्ट्र से आए थे। इसी तरह मप्र से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। आसपास के जिलों से आने वालों की संख्या भी काफी अधिक थी। कुछ लोग तो भोपाल से ऑटो से आ रहे थे। ये लोग ऑटो से सीहोर तक आते हैं। । इसके बाद यहां से भोपाल तरफ जाने वालों को यह ऑटो में बैठाकर ले जाते हैं।

**कई घंटे की मशक्कत के बाद मिले रुद्राक्ष :** सुबह से ही रूद्राक्ष लेने वालों की लंबी कतारें लगी थी। सूरत से आए रामप्रकाश ने बताया कि उसका नंबर तीन घंटे बाद आया। इसी तरह दिल्ली की कविता भी अपने परिवार के साथ यहां आई थी। उसने बताया कि छुट्टी होने के कारण उन्होंने पहले से ही यह कार्यक्रम बनाया था। रूद्राक्ष भी ले लिया है अब वापस जा रहे हैं।



# वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के गणित विभाग ने रामानुजन के सम्मान में एक शानदार राष्ट्रीय गणित सप्ताह का आयोजन किया

**सीहोर।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड साइंसेज एंड लैंग्वेजेज (एसएएसएल) के गणित विभाग ने 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय गणित सप्ताह 2023 को आयोजित किया। इस सप्ताह को ₹राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी, नई दिल्ली और एम.पी. साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल₹ ने समर्थित और वित्तपोषित किया था। यह सप्ताह महान भारतीय गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर मनाया गया था, जिसे एसएएसएल के डीन प्रोफेसर हेमंत कुमार नशीने के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू किया गया। इसके बाद, डॉ. राजेश प्रताप सिंह ने हेमचंद्र (फिबनाची) संख्याओं और इसके भारतीय मूल का व्याख्यान दिया। पहले दिन को विश्वविद्यालय के अनुसंधान छात्रों द्वारा गणित अनुप्रयोगों पर प्रेरित पोस्टर प्रस्तुति से समाप्त किया गया। दूसरे दिन रामानुजन के जीवन और कार्यों पर डॉ. अजय कुमार भुर्जी द्वारा एक व्याख्यान, उनकी विरासत के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाली एक जीवंत परिचर्चा, एक गणितीय प्रश्नोत्तरी और डॉ मनीषा जैन द्वारा आयोजित वैदिक गणित पर एक कार्यशाला सहित विभिन्न गतिविधियों की एक विविध श्रृंखला का आयोजन किया गया। सप्ताह का समापन श्री श्रीनिवास रामानुजन की जन्म-दिवस के साथ हुआ। कुलपति प्रोफेसर सेंथिल कुमार अरमुगम ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ दिन का उद्घाटन किया, जिसमें डीन एसएएसएल प्रोफेसर हेमंत कुमार नशीने, सहायक डीन एसएएसएल डॉ अक्षरा मकारारिया, अन्य संकाय सदस्य और छात्र शामिल थे। इसके बाद, डॉ. धीरेंद्र मिश्रा ने क्रिप्टोग्राफी में गणित के अनुप्रयोगों पर एक विशेष व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने इसे रामानुजन की विरासत से जोड़ा। व्याख्यान के बाद, छात्रों ने अपने गणित मॉडल प्रस्तुत किए। इस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। प्रोफेसर हेमंत कुमार नशीने, डॉ. अक्षरा मकारारिया, डॉ. अनंत कांत शुक्ला, और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अजय कुमार भुरजी ने विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के समन्वयक ने राष्ट्रीय गणित सप्ताह 2023 को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों के उत्साहपूर्ण भागीदारी और सराहनीय प्रयासों के लिए कृतज्ञता व्यक्त किया।



# जिला फुटबाल संघ का जिला स्तरीय लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**सीहोर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं अत्ताउल्लाह खान जिला क्रीड़ा (खेल) अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फुटबॉल में की मारकर किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष सुदीप व्यास ने पुष्पमाला पहनकर किया।

स्वागत करने वालों में अरुण राठौर ,लक्ष्मी नारायण यादव ,शैलेंद्र शर्मा, प्रदीप चावला, विजेंद्र परमार, राकेश पंती, ज्योति गौर ,रेखा पंती ,कोच विपिन पवार, विशाल अहिरवार, मनोज जोशी, ने किया। प्रतियोगिता में पहला मैच सीहोर बॉयज विरोध पुलिस बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच 0-0 की बराबरी पर रहा। प्रतियोगिता में कल दो मैच खेले जाएंगे। जिसमें पहला मैच इच्छावर विरुद्ध गुड मॉर्निंग क्लब के मध्य 3:30 बजे खेला जाएगा प्रतियोगिता में दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध आर्यन क्लब के मध्य 4:30 बजे से खेला जाएगा।



# तुलसी के पौधे देकर संस्कृति की रक्षा का दिलाया संकल्प

**सीहोर।** श्रीयोगवेदांत सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश मंदिर स्थित आश्रम में श्रद्धालुओं को तुलसी की महीमा बताई गई। श्रद्धालु भक्तजनों को तुलसी के पौधे देकर संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिलाया। तुलसी पूजन दिवस सोमवार को मनाया गया। सद साहित्य का वितरण किया गया। विदेश त्यौहारों से दूर रहने और भारतीय सनातन पारंपाराओं से जुडे रहने पर बल दिया गया।

आश्रम व्यवस्थापक वरिष्ठ साधक संतोष यादव ने तुलसी की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि तुलसी सम्पूर्ण धरा के लिए वरदान है, अत्यंत उपयोगी औषधि है, मात्र इतना ही नहीं, यह तो मानव जीवन के लिए अमृत है। यह केवल शरीर स्वास्थ्य की दृष्टि से ही नहीं, अपितु धार्मिक, आध्यात्मिक, पर्यावरणीय एवं वैज्ञानिक आदि विभिन्न दृष्टियों से भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। श्रद्धालुओं के मध्य श्री यादव ने आगे कहा की एक ओर जहाँ चरक संहिता, सुश्रुत संहिता जैसे आयुर्वेद के ग्रंथों, पद्म पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मवैवर्त - पुराण आदि पुराणों तथा उपनिषदों एवं वेदों में भी तुलसी की महत्ता, उपयोगता बतायी गयी है, वहीं दूसरी ओर युनानी, होमियोपैथी एवं एलोपैथी चिकित्सा पद्धति में भी तुलसी एक महत्त्वपूर्ण औषधि मानी गयी है तथा इसकी खूब खूब सराहना की गयी है।

विज्ञान ने विभिन्न शोधों के आधार पर माना है कि तुलसी एक बेहतरीन रोगाणुरोधी, तनावरोधी, दर्द निवारक, मधुमेहरोधी, ज्वरनाशक, कैंसरनाशक, चिंता निवारक, अवसादरोधी, विकिरण रक्षक है। इस घोर नैतिक पतन से व्यथित होकर पूज्य संत श्री ने प्रेरणा दी कि तुलसी, पीपल, आँवला, नीम इन लाभकारी वृक्षों के रोपण का अभियान चलाया जाय। प्रतिदिन तुलसी को जल देकर उसकी परिक्रमा करें, तुलसी पत्रों का सेवन करें। प्रतिवषऱ् 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मनायें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीहोर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिक गण शामिल रहे।



### पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

# स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को किया यादः शहर के अटल चौक के आस-पास झाड़ू लगाया, चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर नगर मंडल के तत्वाधान में माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व पीएम श्री बाजपेयी को याद किया।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मनाती हैं। भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर भाजपा द्वारा जिले के समस्त बूथ स्तर सुशासन दिवस मनाया गया था, सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। अटल जी की कविताओं पर काव्यांजलि-कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यहां पर उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों एवं किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित है। प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों के बीच में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं सुशासन चर्चा की। सुबह शहर के अटल चौक पर एकत्रित होकर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही सभी भाजपा जनों ने स्वच्छता अभियान चलाकर झाड़ू लगाई। इस अवसर पर सन्नी महाजन, नरेश मेवाड़ा, राजकुमार गुप्ता, दामोदर राय, रमाकांत समाधिया, मोहन चौरसिया, प्रदीप बिजोरिया राजेन्द्र राजपूत, आशीष पचौरी, संतोष कुशवाहा, गोपाल सोनी, संदीप कुशवाहा, प्रदीप वशिष्ठ, मुकेश मेवाड़ा, राजेश परिहार, कैन्हयालाल मालवीय, नरेन्द्र राजपूत, राजेश मांझी, पुष्पलता राठौर, सीमा परिहार, स्वदेश सोनी, हष ताम्रकार, आशु त्यागी, रोहित यादव, सुशील ताम्रकार, अजय सिकरवार, सौरभ भारद्वाज, देवीलाल जाटर, ठाकुर प्रसाद चंद्रवंशी नूतन राठौर, मनीष राठौर, संदीप कुशवाहा, सीमा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मयंक की मात्र 44 गेंद पर 78 रन की पारी की बदौलत कृष्णा ब्लास्टर ने स्कूल फाइटर को हराया

**सीहोर।** शहर के हरफनमौला खिलाड़ी मयंक जैन की विस्फोटक 44 गेंद पर 78 रन और वीरेन्द्र वर्मा की 44 गेंद पर 54 रन की शानदार पारियों की बदौलत एक तरफा मुकाबले में शहर के बीएसआई पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में जारी केपीएल ट्राफी के तीसरे दिन कृष्णा ब्लास्टर टीम ने ओल्ड स्कूल फाइटर को सात विकेट से हराया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओल्ड स्कूल फाइटर ने निर्धारित 18 ओवर में चार विकेट खोकर 151 रन बनाए थे। इसमें सचिन कीर ने 17 गेंद पर 21 रन, अतुल कुशवाहा ने 23 गेंद पर 30 रन और प्रखर सेन ने तीन छक्कों की मदद से मात्र 36 गेंद पर 61 रन की पारी खेली थी। वहीं कृष्णा ब्लास्टर की ओरसे गेंदबाजी करते हुए विपिन वर्मा ने दो ओवर में 16 रन देकर एक विकेट, स्पनिल भारिया ने तीन ओवर में 27 रन देकर दो विकेट और वीरेन्द्र वर्मा ने तीन ओवर में 23 रन देकर एक विकेट हासिल किए।

इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने 16.3 ओवर में जीत हासिल की। इसमें वीरेन्द्र वर्मा ने 54 रन और मयंक जैन ने 78 रन बनाए थे। वहीं ओल्ड स्कूल फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपेश सेन, शरद और प्रखर सेन ने एक-एक विकेट हासिल किए। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच इलेवन आल राउंडर टीम और क्रिसेंट डायनमिक के मध्य खेला गया था। जिसमें इलेवन आल रांउडर की टीम ने क्रिसेंट को 34 रन से हराया। इस मैच के दौरान इलेवन आल राउंडर ने निर्धारित 18 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाए थे। इसमें जितेन्द्र जायसवाल ने 24 रन, आदित्य अग्रवाल ने 44 रन, गौरव पिचोनिया-उज्जवल ने 16-16 रन, सुनील जलोदिया ने 15 रन और कृष्णा शर्मा ने 10 रन की पारी खेली। इधर क्रिसेंट डायनमिक की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमंत चौरसिया ने तीन विकेट, लक्की और राज कुशवाहा ने एक-एक विकेट प्राप्त किए। वहीं क्रिसेंट टीम 17 ओवर 121 रन पर ढेर हो गई। इसमें क्रिसेंट की ओर से नीरज मेहरा ने 19 रन, राज कुशवाहा ने 20 रन, आदर्श राय ने 30 रन और विशांक शिंदे ने 29 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इधर इलेवन आल राउंडर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अबूवाकर ने तीन विकेट, उज्जवल-गौरव ने दो-दो विकेट और अभय-शाहिद ने एक-एक विकेट हासिल किया।



पार्टी के अप्रत्याशित फैसले से जिले भर में मनाई गई खुशियां

# भाजपा का बड़ा फैसला, जिले में दो राज्यमंत्री बनाकर ढ़हा दिया दिग्गी का कांग्रेसी किला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सारंगपुर

पहले तो विधानसभा में पांचों सीटों पर प्रचंड जीत हासिल कर भाजपा जिले से कांग्रेस को लगभग उखाड़ चुकी थी। रही सही कसर भाजपा के मंत्री मंडल के गठन के बाद पूरी हो गई। कभी दिग्गी का गढ़ कहा जाने वाला और कांग्रेस को जिंदा रखने वाला यह किला अब पूर्ण रूप से भाजपा के कब्जे में जा चुका है। प्रदेश में मोहन यादव सरकार के मंत्रीमंडल के गठन में ब्यावरा से नारायण सिंह पंवार एवं सारंगपुर से गौतम टेटवाल को राज्यमंत्री बनाकर जिले को विकास की राह मजबूत करने एवं कांग्रेस के भविष्य पर पूर्ण विराम लगाने की कोशिश की है। हालांकि अधिकतर राजनीतिक विशेषज्ञ इसे लोकसभा के चुनाव की विसात से जोडकर देख रहे है ऐसे में कांग्रेस कौन सा ब्रहम्अस्त्र का उपयोग कर अपने आप को बचा पाएगी यह तो समय ही बताएगा।

## फोन आने तक स्थानीय कार्यक्रमों में ही व्यस्त थे नवनियुक्त राज्यमंत्री पंवार और टेटवाल





### फोन आने के बाद भोपाल रवाना हुए थे दोनों विधायक

मंत्रीमंडल गठन से बेखबर दोनों विधायक अपने दैनिक कार्यक्रमों में अपनी अपनी विधानसभा में लगे हुए थे। भोपाल से फोन आने के बाद अपने दैनिक कार्यक्रमों को छोड़कर भोपाल पहुंचे ब्यावरा से नारायण सिंह पंवार एवं सारंगपुर से गौतम टेटवाल को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## पहली बार मिले जिले को दो मंत्री

राजगढ़ जिले के लिए गौरव की बात है कि मोहन यादव के मंत्रीमंडल में ब्यावरा के नारायण सिंह पंवार और सारंगपुर से गौतम टेटवाल को जगह दी गई है। दोनों ही विधायक अभी तक दो विधानसभा जीत चुके हैं। वहीं देखा जाए तो पूर्व मंत्रीयों में बद्रीलाल यादव ,प्रियव्रतसिंह खिचीं के बाद यह दो मंत्री होगें जो जिले को विकास की राह प्रशस्त करेंगे।

### पंवार का विधानसभा से मंत्री तक का सफर


- जिले की पांचों विधानसभाओं से सबसे ज्यादा वोटो से जीत दर्ज कराने वाले नारायण सिंह पंवार अपने काम से पहचाने जाते हैं। भाजपा में विभन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए उन्होने अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत की।
- 2013 – पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़े और जीत हासिल की
- 2018 – दूसरी बार विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा
- 2020 – विधानसभा उपचुनाव में पुन: हार का सामना करना पड़ा

2023 – दूसरी बार जिले में सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाया और मोहन यादव के मंत्रीमंडल में शामिल हुए

# आदेश के 3 माह बाद भी रिलीव नहीं किए महाविद्यालयों के कर्मचारी

## उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अक्टूबर में जारी आदेश का मामला

**राजगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग में जो न हो जाए वो कम है। इस विभाग में तीन माह पूर्व 4 अक्टूबर 2023 को प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित विभिन्न श्रैणियों के 22 कर्मचारियों के ट्रांसफर किए गए थे। इस तबादला सूची में जिले के राजगढ़, सुठालिया एवं सारंगपुर महाविद्यालयों से स्थानांतरित



किए गए तीन कर्मचारियों को तीन माह भी रिलीव नहीं किया गया है। रिलीव नहीं किए गए कर्मचारियों में राजगढ़ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेष कुमार दांगी, सारंगपुर महाविद्यालय के सहा. ग्रेड-3 रवि बंशीलाल एवं सुठालिया महाविद्यालय के प्रयोगशाला सहायक डॉ. गिरिराज शर्मा शामिल हैं। दांगी एवं बंशीलाल का ट्रान्सफर राजगढ़ जिले से विदिशा महाविद्यालय किया गया था। वहीं प्रयोगशाला सहायक शर्मा का तबादला सुठालिया महाविद्यालय से सारंगपुर महाविद्यालय किया गया था। बीच के दो महीनों में आचार संहिता का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में रखा गया, लेकिन अब आचार संहिता खत्म होने के बाद भी महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अपने ही विभाग के आदेश का पालन नहीं करवाया जा रहा है।

### रिलीव करेंगे

वंशीलाल के पास जो प्रभार थे वे दूसरों को दे रहे हैं। उसके बाद जल्दी ही उन्हें रिलीव कर दिया जाएगा।
**ममता खोईया,** सारंगपुर प्राचार्य सारंगपुर

### सूची दिखवाता हूं

मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। मैं कल कॉलेज पहुंचकर तबादला सूची दिखवाता हूं।
- **वीके जैन,** प्राचार्य, लीड महाविद्यालय, राजगढ़

### रिलीव नहीं किया

संस्था में तृतीय श्रेणी कर्मचारी कार्यरत नहीं है। ऐसे में श्री शर्मा को रिलीव नहीं किया गया है। कॉलेज की व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के लिए ऐसा किया है।
- **कल्पना शर्मा,** प्राचार्य, शा. महाविद्यालय, सुठालिया

मंदिर की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

# अंजनीलाल मंदिर पर बन रहा 20 लाख का भव्य तोरण द्वार



**राजगढ़।** नगर के बाईपास क्षेत्र स्थित श्रीअंजनीलाल धाम सेवा समिति द्वारा मंदिर को भव्यतम रूप प्रदान करने भव्य तोरण द्वारा का निर्माण करवाया जा रहा है। करीब 20 लाख की लागत व जनसहयोग से तैयार हो रहे इस तोरण द्वारा का निर्माण समिति पदाधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। इस पर भगवान गरुणजी की प्रतिमा को विराजमान किया गया जाए, जो अपने आप में आकर्षण का केंद्र रहेगी।

इसी मंदिर समिति का तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर सोमवार को नवीन कार्रकारिणी का भी गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में मुकेष वर्मा अध्यक्ष, आर.एन. सौंधिया, एम.एल. गुप्ता एवं सजन सिंह पंवार उपाध्यक्ष, देवीसिंह सौलंकी सचिव, धमेंद्र श्रीवास्तव सहसचिव, रामचरण पिपलोटिया कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र सोनी संघटन सचिव, कमल चैहान सह-संगठन सचिव एवं गौरव चैरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इके साथ ही अविनाष दषेहरिया कानूनी सलाहकार नियुक्त किए गए हैं।

कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में सत्यनारायण शर्मा, मांगीलाल पटवारी, प्रीतमसिंह मीणा, रामबाबू सिसोदिया, विष्णु दांगी, पप्पू गुर्जर, प्रेमसिंह कोटरा, मनोज नामदेव, महेष सक्सेना, डॉ. विवके साहू शामिल हैं। आयोजन समिति में लक्ष्मीनारायण सेन, देवेंद्र बैरागी, राजेंद्र कोकसिया, मनोहर चौरसिया, हेमेंद्र शर्मा, मनोहरलाल पिपलोटिया, श्यामलाल दांगी, रामचरण गुर्जर एवं डीआर नागर सम्मिलित हैं।

# पुलिस के हत्थे चढ़े झंझाड़पुर हत्याकांड के चारों आरोपी

## जमीनी विवाद में कर दी थी युवक की हत्या





**राजगढ़।** कोतवाली थानाक्षेत्र के झंझाड़पुर गांव में विगत दिनों जमीनी विवाद में हुई युवक कमल तंवर की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। चारों आरोपी देवीसिंह, नारायण सिंह, कल्लू तंवर एवं नाहर सिंह तंवर द्वारा लठ्ठ, फर्सी, बल्लम आदि हथियारों से 17 दिसंबर की रात्रि में खेत में पानी दे रहे कमल तंवर की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के भतीजे जगदीश की रिपोर्ट पर तुरंत हत्या का मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की खोजबीन शरू की थी। कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर के नेतृत्व में बनी टीम में शामिल समीर खान, दिनेश गुर्जर, राजेंद्र मीना, नरेंद्र शर्मा, ललित तोमर, नवीन जाट, राहुल गुर्जर आदि ने झंझाडपुर के जंगल के एक खेत में छिपे चारों को आरोपियों को दबोच लिया गया।

अपना मूल अस्तित्व खोता जा रहा है पार्क

# नपा कार्यालय के ठीक सामने बने नेहरू पार्क की हालात खराब, फूटी पड़ी हैं लाइट्स

## नगर पालिका नरसिंहगढ़ की उदासीनता का शिकार हो रहा नेहरू पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर में सन 1965 के लगभग में नगर के मध्य में नेहरू उद्यान बनाया गया था, जिसमें बुजुर्गों के लिए हरे भरे पेड़ो वाला अनुकूल पर्यावरण बच्चों को खेलने के लिए झूले तो युवाओं का पार्क में लगी कुर्सियों पर बैठके पढ़ना उनदिनों आम बात थी। पूरे नगर में कोई पार्क न होने की वजह से यह नेहरू पार्क एक दम गुलजार रहा करता था। हो भी क्यों न जब यहां हर उम्र के लोगों के लिए जगह थी पर अब इससे पूरा उलट है।

नगर पालिका कार्यालय नरसिंहगढ़ के ठीक सामने होने के बावजूद भी ध्यान न देने के वजह से यह पार्क आज आपना सालो पुराना अस्तित्व खोता जा रहा है। पार्क का जब से निर्माण हुआ था उसके उपरांत एक बार पुनः यहाँ जीर्णोद्धार का कार्य किया जा चुका है। जिसका जीर्णोद्धार रिबिन तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने काटा था लेकिन नगर की शान कहे जाने वाले नेहरू पार्क की ओर आज नगर पालिका नरसिंहगढ़ का ध्यान



न होने के वजह से के वजह से यह अपना मूल अस्तित्व खोता जा रहा है।

### व्यवस्थाएं दुरुस्त करेंगे

मुझे आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। हम अमले को भेज कर प्रथमिकता से इसको दिखवाते हैं। जल्द ही व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।
**निगहत सुल्ताना,** मुख्य नपा अधिकारी नरसिंहगढ़

### पार्क की सालों से फूटी पड़ी हैं लाइटें, बीचों-बीच लगा हाईमास्क भी है बंद

पार्क की साज सज्जा के लिए पार्क की बाउंड्री पर सालों पहले आकर्षक लेम्प लगाए गए जो की देख रेख के अभाव में सालों से बंद पड़े हुए है आपको बता देवें की पार्क के बीचों बीच एक हाईमास्क लाइट भी लगाई गई थी जिसमें पांच दुधिया रोशनी वाले हेलोजन लगे हुए थे जो कि पूरे पार्क को अपनी रोशनी बिखेरते थे वो भी सालों से बंद पड़े हुए जबकी नगर पालिका नरसिंहगढ़ के पास विद्युत संबंधी पूरी टीम है जो की नगर में पालिका द्वारा संचालित होने वाली स्ट्रीट लाइट एवं अन्य व्यवस्थाओं की देख रेख करती है। पार्क दोनों दरवाजो में से किसी पर भी पार्क खुलने व बंद होने का समय नही लिखा होने के वजह से कई लोग तो यह समझ ही नही पाते की पार्क खुला है या बंद अब देखना यह होगा की नगर के बीचों बीच बना यह नेहरू पार्क अपने खोये हुए अस्तित्व को पा पायगा या इसी तरह नगर पालिका की अवहेलना झेलता रहेगा।

मुख्य अतिथि विधायक मदन दिलावर हुए उद्घाटन में शामिल

# फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट द्वारा मेड़तवाल समाज आरोग्य मंदिर का किया गया लोकार्पण

## मेड़तवाल समाज के परिचय सम्मेलन खैराबाद धाम में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी ने लिया भाग

**जीरापुर।** मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट, मिशन परिचय टीम एवं टीम सखी के तत्वाधान में आयोजित परिचय सम्मेलन में मेड़तवाल वैश्य समाज के विभिन्न पंचायतों से आए परिवारों के युवक युवतियों ने जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं बढ़चढ़कर परिचय दिया और लगभग 10 हजार समाज बन्धुओ ने समाज के इस परिचय सम्मेलन अर्ध महाकुम्भ में अपने सामूहिक सौहार्द का परिचय दिया। मीडिया प्रवक्ता डॉ नयन प्रकाश गाँधी एवं प्रीति गांधी ने संचालन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मदन दिलावर ने समाज बंधुओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकार के मां फलौदी आरोग्य मंदिर के मानव हितार्थ सेवा कार्य आप कर रहे यह



प्रशंसनीय है। युवा युवतियों के परिचय को प्रत्यक्ष देखा और युवा युवतियों को प्रोत्साहित किया। ट्रस्ट द्वारा सम्मान शील्ड राजस्थानी पगड़ी उपरना से समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्मानित कर विधायक का अभिनन्दन किया गया। स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश मेड़तवाल द्वारा दिया गया। मिशन परिचय सम्मेलन टीम ने बताया कि परिचय सम्मेलन में ऐतिहासिक नवचार के साथ प्रोफेशनल सिस्टेमेटिक मेथड से बिजनेसमैन सर्विस क्लास और प्रोफेशनल युवा युवतियों के साथ साथ ग्रामीण बालक बालिकाओं, विधवा परित्यक्ता तलाकशुदा आदि के लिए अलग अलग लेवल पर लगभग 20 सेशन हुए एवं सैकड़ों युवाओ युवतियों ने परिचय दिया वैश्य समाज में ग्लोबल पैटर्न पर परिचय सम्मेलन किया गया साथ ही ग्रुप फेमेली डिस्कशन हेतु परिचयात्मक शैली में पारिवारिक परिचय के साथ बच्चो परिवार जन को प्रोत्साहित किया।

### डॉक्टर भामाशाहा शैक्षणिक प्रतिभा का भी हुआ सम्मान

मेडिकल डाक्टर सम्मान समारोह कार्यक्रम के प्रमुख आर बी गुप्ता ,निर्मल गुप्ता ने बताया की लगभग 30 से अधिक डाक्टर का सम्मान के साथ भामाशाह सम्मान एवं विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

### डॉ जितेन्द्र लववंशी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान कोलकाता में चयन

**लखनवास।** राजगढ़ जिले के सुठालिया तहसील से एक छोटे से गांव ग्राम भवांस से डॉ जितेन्द्र लववंशी को 'एम्स दिल्ली' के द्वारा नवंबर महीने में आयोजित परीक्षा में चयन हुआ था जिसके फलस्वरुप आज उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान कोलकाता से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। आज समस्त क्षेत्र वासियों और मित्रों ने मिलकर विदाई समारोह का आयोजन माँ विन्ध्यवासिनी माता मंदिर पर आयोजित किया। उनकी इस उपलब्धी पर समस्त ग्राम वासी, परिजनों और मित्रों ने उनको बधाईयाँ दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। बता दे कि डॉ जितेन्द्र बहुत मिलनसार और एक सोशल वर्कर है और हमेशा समाज के लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरित करते रहते हैं।

# भाजपाईयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 99वीं जयंती

## प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, आतिशबाजी की



**राजगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की नींव में शामिल देष के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती भाजपाईयों द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बाईपास स्थित उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए आतिशबाजी करते हुए मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पूर्व राज्यमंत्री रघनंदन शर्मा, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, श्याम गुर्जर, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष कैलाश मौर्य, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि शेलेष गुप्ता, प्रताप सिंह सिसोदिया, राजेष्वरी शर्मा, दीपक शर्मा, साकेत शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, दीपक नागर, कमल तंवर, राजेश खरे, प्रांजल खुजनेरी, मोहम्मद शफीक गामा, इरफान मेवाती, पप्पू मकवाना, कैलाश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस के रूप में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित अटल विहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने त्रिपोलिया बाजार स्थित अटल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मोके पर विधायक गोतम टेटवाल ने कहा कि पुर्व प्रधानमन्त्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के पुरोधा होने के साथ साथ ओजस्वी वक्ता एवं कवि थे। अन्होने छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता, सहित अनेक कविताओं की रचना की स्वर्गीय वाजपेयी सुचिता के पक्षधर थे। इस अवसर पर विधायक गौतम टेटवाल जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना पी एस मंडलोई सुधीर श्रीमाल पृथ्वीराज टेटवाल भाजपा पार्षद महामंत्री बाबूलाल अहिरवार जुगल चौहान विजय जेन कुलदीप राठौर पार्षद राकेश पुष्पद पवन कसारा रघु जेन यशवंत सोनी सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मीना समाज धर्मशाला स्थित बाबा अलमस्तनाथ महाराज की समाधि पर बरसा भक्ति रस

# पूर्णाहुति के साथ अखंड भजन कीर्तन सप्ताह का समापन, भंडारे में हजारों ने ग्रहण की महाप्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के इंदौर नाका क्षेत्र स्थित मीना समाज धर्मशाला में समाधिस्त बाबा अलमस्तनाथ महाराज की समाधि पर 63 वें अखण्ड भजन सप्ताह का सोमवार को पूर्णाहुति, भंडारे के साथ समापन हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की। बाबा साहब के परिजन एवं पूर्व डीआईजी सतीष सक्सेना और उनके परिवार की ओर से कलाकारों एवं साधू-संतों का सम्मान किया गया। वहीं मीना समाज समिति की ओर से धर्मषाला अध्यक्ष नेताजी रामगोपाल मीना द्वारा कलाकारों को सम्मानित करने में भूमिका निभाई।

योगाश्रम पाठषाला के महंत बालकनाथ महाराज, भोलादास महाराज पनिहारा आश्रम, सतीष नागर भगवताचार्य ब्यावरा, बालकिषन पुजारी समाधि, स्वामी फूलेष्वरानंद महाराज पातलापानी, हारमोनियम, तबला, ढोलक, मंजीरा आदि के कलाकार को उपहार, पुष्पहार आदि से सम्मानित



किया, इनमें बाबूलाल भगत नादनपुर, राजू मीना लहरचा, मोहन षर्मा ब्यावरा, नवलसिंह राव ढकोरो, हरभजन मीना गिंदोरमीणा, बंषीलाल भगतजी चोपनी, देवचंद भगतजी बालचिड़ी, बाल कलाकार आयूषी मीना नेवली ब्यावरा, गंगाराम दांगी, मदनलाल परसूलिया, लाला राव ब्यावरा, भगीरथ सेन भूरा, मांगीलाल मोगिया ब्यावरा, देवचंद विष्वकर्मा मोतीपुरा, महाराजसिंह पीपाखेड़ी, मनीष मीना, संजू मीना, राजेंद्र मीना हांसरोद, बापूलाल उस्ताद जीरापुर, कल्लू उस्ताद जामी, रमेष उस्ताद उकावद, भगवानसिंह बना बड़ोदा, बुद्वराम कड़यिाहाट, हरिसिंह राठौर ब्यावरा, रामदयाल गुर्जर सड़ली, मुकेष राव पातलापानी, कैलाष राव कड़यिाहाट, रोड़जी संग्रामपुर, हरीसिंह ब्यावरा, मांगीलाल तरेना-टांका, अषोक राव ढकोरा, मोतीलाल उस्ताद दुबली, गंगाराम हवाई, लखन राव, रंगालाल ढकोरा, रामसिंह राव नेवली, जगदीषदास तरेनी, मुरारीलाल गोविंदपुरा, मानसिंह बड़ोदिया सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। समापन की पूर्व संध्या पर विधायक नारायणसिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया सहित अन्य कई भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### सात दिन तक चले भजनों का लिया श्रवण लाभ

बाबा अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर चले सात दिन तक भजन सप्ताह में नगरीय एवं ग्रामीण अंचल के आए बड़ी संख्या में भगतों एवं नागरिकों ने श्रवण लाभ लिया। धर्मषाला अध्यक्ष नेताजी रामगोपाल मीना ने बताया कि सात दिन तक भजन-कीर्तन में आए सभी कलाकारों एवं लोगों के लिए सभी व्यवस्थाएं समिति की ओर से की गई। भण्डारे में ग्रामीण अंचल सहित नगरीय क्षेत्र के समिति के पदाधिकारियों, समाजजनों, बाबा के अनुयायियों का योगदान रहा। भण्डारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन समिति ने उक्त कार्यक्रम में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम हुए कम

**आष्टा।** मौसम में आए बदलाव से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। वहीं इसका असर सब्जियों के उत्पादन व भाव पर भी पड़ा है। उत्पादन अधिक होने के साथ बाजार में आवक ज्यादा होने से इनके भाव आधे हो गए हैं। इससे सब्जी उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। नुकसान की भरपाई करने के लिए क्षेत्र के किसान सब्जी को बेचने के लिए दूसरे शहरों तक दौड़ लगा रहे हैं। शीतलहर चलने से टमाटर, हरा धनिया, मिर्च सहित हरी सब्जियों का उत्पादन बढ़ गया है। इससे इनकी बाजार में आवक अधिक होने से भाव कम मिल रहे हैं। पिछले 15 दिन पहले टमाटर बाजार में 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा था। अब टमाटर के 10 रुपए किलो से कम के भाव मिल रहे हैं। हरा धनिया और मिर्च भी 40 रुपए किलो में बिक रही थी लेकिन इसके भी भाव 10 -15 रुपए किलो पर आ गए हैं।

### देवीसिंह परमार की पत्नी का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** जिला सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष सहकारिता के आधार स्तंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता देवीसिंह परमार की धर्मपत्नी, भगवतसिंह, ओमप्रकाश, महेन्द्र परमार की माता कावेरी बाई परमार का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। अंत्येष्टि में काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रीमती परमार को अंतिम विदाई दी। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित अनेक जनप्रतिनिधियों आदि ने देवीसिंह परमार के गृह ग्राम हकीमाबाद पहुंचकर कावेरी बाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

### शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ मानस सम्मेलन, नगर में संतों का हुआ आगमन

# संत समाज राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में अग्रणीः स्वामी रामेश्वर दास

### सम्मेलन में प्रतिदिन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक साधु संतों के होंगे प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री मानस भवन में सोमवार से सात दिवसीय मानस सम्मेलन शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। श्री गायत्री मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा नए बस स्टैंड बुधवार से होते हुए मानस भवन में पहुंची शोभायात्रा में राष्ट्रीय स्तर के साधु संत सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया साधु संतों के दर्शन व आशीर्वाद लेने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। सम्मेलन में आगामी दिनों में और अधिक साधु संत नगर में पधारेंगे। आष्टा के मानस भवन में श्री राम मानव संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित मानस सम्मेलन 31 दिसंबर रविवार तक चलेगा। मानस सम्मेलन की प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओमप्रकाशानंद सरस्वती काशीपीठ है। शोभायात्रा में केसरिया ध्वज लेकर धर्म प्रेमी लोग आगे चल रहे थे। बैंड की धुन पर मधुर भजन धुन चल रही थी। पीछे रथ पर गोरक्षा राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वर दास गुजरात, साध्वी अन्नपूर्णा गिरी उज्जैन पंडित दीपक दास त्यागी आदि साधु संत विराजित थे।

#### नारी के बिना घर में सुख नही

सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वर दास जी ने कहा कि संत समाज में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में अग्रणी है हम सब को मिलकर हमारी भारतीय संस्कार और संस्कृति को चिरस्थाई बनाने में योगदान देना है अयोध्या में भगवान श्री राम की 22 जनवरी को स्थापना होना है मुझे निमंत्रण मिला है मैं अपनी आंखों में आष्टा वासियों की छवि को लेकर जा रहा हूं यह दर्शन आष्टा के धर्म प्रेमी लोगों के लिए होंगे आप सब 22 तारीख को अपने घर व मंदिरों में भगवान श्री राम का स्थापना उत्सव बनाएं। इस अवसर पर द्वितीय वक्ता परम पूजनीय साध्वी वर्षा नागर कहां की जिस घर में नारी नहीं होती है उस घर में कभी सुख नहीं आ सकता घर सब होते हैं पर घर को मंदिर बनाने का कार्य एक स्त्री ही करती है उन्होंने तुलसीदास व उनकी पत्नी रत्ना के दृष्टांत को देते हुए पति के पत्नी के प्रति निष्कपट प्रेम का उदाहरण भी दिया उन्होंने कहा



अपनी स्त्री से मिलने के लिए तुलसीदास जी ने सर्प को रस्सी समझ लिया और मृत शरीर को नाव समझकर नदी पार कर गए यही स्त्री के प्रति अकाट्य प्रेम है। पूजनीय दीदी ने कहां की कलयुग में देवता और दानव दोनों एक ही शरीर में है सिर्फ आप अपने व्यक्तित्व का उपयोग किस रूप में करते हैं निर्भर इस पर करता है यदि साधु संगति सत्संग से जुड़े हैं तो मन पवित्र कर देवतुल्य हो सकते हैं स्वभाव में यदि क्रूरता है तो आप दानव का स्वरूप बन जाते हैं।

कथा में वक्ता महत्वपूर्ण नहीं कथा में श्रोता मुख्य होता है वक्ता तो कोई भी बन सकता है पर श्रोता बनकर विचारों को ग्रहण करना यह सबसे बड़ा कार्य है। सात दिवस इस मानस सम्मेलन में हम भगवान श्री राम के चरित्र को आप तक पहुंचाएंगे आप प्रतिदिन रामचरित्र के सुंदर स्वरूप को ग्रहण करें यह कथा मेरे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद मेरा गृहस्थ आश्रम को छोड़कर पूर्ण तरह से संत बन जाऊंगी तीन और चार जनवरी को आप सभी उज्जैन में सादर आमंत्रित है वहां मेरा पट्टाभिषेक होगा। संतों का स्वागत मंच पर आष्टा के सभी सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया स्वागत भाषण मानस सम्मेलन के समिति के अध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल शर्मा द्वारा किया गया साधु संतों का परिचय और संचालन पंडित डॉक्टर दीपेश पाठक द्वारा किया गया अंतिम आभार समिति के कोषाध्यक्ष भोलू सिंह ठाकुर द्वारा व्यक्त किया गया। शोभायात्रा में मानस भवन समिति के नगरपालिका विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, डा मीना सिंघी,अध्यक्ष सत्यनारायण कमरिया सचिव राकेश सुराणा,अध्यक्ष मानव सम्मेलन समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा सूत्रधार प्रेम नारायण शर्मा सचिव हरिनारायण शर्मा प्रभारी दिनेश सोनी सकल समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव संयोजक सुरेश सुराना बीएस वर्मा, रामेश्वर खंडेलवाल, मधु परमार, सुरेश चंद जोशी, प्रदीप धारीवाल, मनोहर साहू, मनोज ताम्रकार,लखन विश्वकर्मा नरेंद्र कुशवाहा,कमल ताम्रकार, विश्राम सिंह ठाकुर पंडित गजेंद्र शास्त्री आदि गणमान्य आष्टा के धर्म प्रेमी जनता व माता बहने अनेक संख्या में उपस्थित थी।

#### इनके होंगे प्रवचन

मानस सम्मेलन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर एक से शाम 5:00 बजे तक साधु संतों के प्रवचन होंगे 31 दिसंबर तक होंगे। जिसमे परम पूजनीय साध्वी अन्नपूर्णा गिरी जी प्रतिदिन प्रवचन करेंगी। परम पूजनीय पंडित श्याम मनावत उज्जैन 26 से 27 दिसंबर तक प्रवचन करेंगे। परम पूजनीय दीदी अर्चना दुबे इंदौर 29 से 31 दिसंबर तक प्रवचन देगी परम पूजनीय संत साधु विमल सेवादास जी इंदौर 27 दिसंबर को प्रवचन देंगे।

## तेज सर्दी में सुबह 5 बजे से ट्यूशन पढ़ने जा रहे विद्यार्थी

### नियम विरूद्ध चल रहे कोचिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के दो हजार छात्र-छात्राएं अलसुबह 5 बजे से कोचिंग सेंटरों पर जाते नजर आ रहे हैं। यह सभी छात्र हाईस्कूल व हायर सेकंडरी में अध्ययनरत हैं। किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है एक तरफ जहां छात्राओं के पालक गण भी लापरवाही वरत रहे हैं ,जो इतनी अल सुबह से अकेली अपनी बेटी को ट्यूशन के लिए भेज देते हैं। जबकि न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। इस कड़कड़ाती ठंड में इन छात्रों का कहीं स्वास्थ्य खराब न हो जाए इसकी परवाह न तो कोचिंग सेंटर संचालकों को है और न शिक्षा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां बताना जरूरी है कि नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे कोचिंग सेंटर हैं। जिन्होंने न संबंधित विभाग में अपना पंजीयन कराया है और इन कोचिंग सेंटर के पास छात्रों को बैठाने के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण कोचिंग सेंटर संचालक मनमानी कर रहे हैं।शासन के प्रावधानों के अनुसार नगर के सभी कोचिंग सेंटर का पंजीयन कार्यालय में होना चाहिए।

लेकिन नगर में अधिकांश कोचिंग सेंटर बगैर पंजीयन के ही चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में नगर के जिन इलाकों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे हैं , वहां पर सुनसान जगह है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि कोचिंग सेंटर के संबंध में हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है इनका पंजीयन विभाग में ही रजिस्ट्रेशन होता है। इतनी सुबह से कोचिंग क्लासेस नहीं लगना चाहिए तथा पालकों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। हम कोचिंग वालों की बैठक लेकर इस संबंध में निर्देश देंगे।

## घोष वादक प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रांत स्तरीय घोष प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जावर को मिला द्वितीय स्थान। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा ग्वालियर में आयोजित घोष वादन प्रतियोगिता में जावर विद्यालय की इकाई को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जहा छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूरे देश सहित सम्पूर्ण प्रदेश भर मे पूर्व प्रधानमन्त्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपयी की जयंती बड़े ही हर्ष व आदर के साथ मनाई गई. इसी क्रम मे नगर मे भी विभिन्न स्थानो पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुवे. नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्यनगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे अल सुबह कन्नोद रोड़ स्थित काला तालाब की पाल पर बने पार्क की साफ सफाई की।

वही तालाब से लगे पूरे स्थान की स्वयं झाड़ू लगाईं। इसी प्रकार गंज स्थित मेहता प्रतिष्ठान, भाऊबाबा मंदिर चौराहा, अलीपुर स्थित जनपद चौराहा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमन्त्री अटलबिहारी जी को याद किया गया। अटलजी नेता, कवि के साथ वरिष्ठ पत्रकार थे - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की राजनीति में अटल जी ने अमिट छाप छोड़ी, लेकिन राजनेता होने के साथ ही पत्रकार और कवि के रूप में भी अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. अटल जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा, जिसे उन्होंने अपने कविताओं और विचारों में बहुत ही संजीदगी के साथ उतारा. इस अवसर पर मुकेश बड़जात्या, नीलेश खंडेलवाल, पार्षद रविवार शर्मा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, पंकज नाकोड़ा, सुमित मेहता, बसंत पाठक, कोमल जैन, ओम नामदेव, महेश सोनी, मनीष धरवा, पंकज नाकोड़ा, गौरव सोनी, बद्रीलाल वर्मा, राजू मिश्रा, विजय मेवाड़ा, अमरदीप सांगते, बाबू कुशवाह आदि मौजूद थे।

## 31 दिसंबर तक चलेगा मानस सम्मलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मानस सम्मेलन को लेकर प्रमुख मार्गों से सभी सनातनीजनों की मौजूदगी मे शोभायात्रा निकाली, जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने साथियों सहित शोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया। मानस सम्मलेन मे मानस रत्न, मानस मणि, मानस मर्मज्ञ के विद्वान आकर नगर के धर्मालुजनों को अपनी वाणी से धन्य करेंगे. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी जनमानस से आग्रह करते हुए कहा कि मानस सम्मेलन में भगवान विष्णु के द्वारा धरती पर लिए राम अवतार की मानवीय गुणों



पर चर्चा की जाती है कि भगवान राम ने अपने मानव रूप में किस तरह से हर कठिनाई को संघर्ष कर पार किया।

उनके भाई प्रेम, मातृ प्रेम, पितृ प्रेम, पत्नी प्रेम, मित्र प्रेम, गुरु प्रेम, इच्छा शक्ति, दृढ़ संकल्प पर अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे जिसका अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर धर्मलाभ लेवे व्याख्या की जाती है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, अनिल श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुशवाह, पार्षद रविवार शर्मा, तारा कटारिया, प्रभात धड़ीवाल, जगदीश खत्री, विनोद सोनी, बसंत पाठक आदि मौजूद थे।

## मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट खाती एग्रो इनपुट ओपनिंग मैच का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने किया। आयोजक प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष भी मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट किया जा रहा है जिसमें आस्था नगर के प्रशासनिक अधिकारी व युवा भाग लेते हैं। टूर्नामेंट का मकसद प्रशासनिक अधिकारी एवं युवाओं में संवाद एवं फिटनेस पर चर्चा की जाती है इसी कार्यक्रम का शुभारंभ मुखर्जी ग्राउंड कन्नौज आस्था पर किया गया। आयोजक प्रकाश कुशवाहा ने सभी का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सिक्का उछलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कहा कि हमें सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक व खेलों में रुचि दिखाना चाहिए। जिससे हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहे। उन्होंने इस आयोजन के लिए युवा नेता प्रकाश कुशवाहा को बधाई दी। इस अवसर पर मंडी व्यापारी कमल ताम्रकार, संजीव सोनी पांचम, लखन पाटीदार, दशरथ मेवाड़ा, नितेश महाकाल, धर्मेंद्र मेवाडा, उदय तुतलानी, रवि मेवाड़ा, गोलू परमार, सनी राजपूत, कृपाल वर्मा, अंकुश सोनी, किशन सोनी आदि उपस्थित रहे हैं।

## ठंड से बचने जगह-जगह जल रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दो दिनों से सूर्य का तेजस्व छाने से जहां दिन में पारा चढ़ा है,वहीं दिन में ठंड से राहत मिली है। लेकिन आल सुबह और शाम के पश्चात ठंड का प्रकोप जारी रहने से लोग चौक - चौराहों एवं गली -मोहल्लों में अलाव जलाकर ठंड से राहत पा रहे हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों से टकराकर आने वाली उत्तरी हवा का आना अभी बंद है। इसका कारण अरब सागर से आने वाली नमी है, जिससे बादल छा रहे हैं। इससे दक्षिण- पूर्वी हवा चल रही हैं। हवा का रुख बदलने के कारण दिन व रात का पारा सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। हालांकि अब कोहरा छाना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अगले 24 घंटे के दौरान गुजर



जाएगा, जिसके चलते सोमवार से उत्तर-पश्चिमी हवा आना फिर से शुरू हो जाएंगी। साथ ही तापमान गिरेगा, कोहरा भी गहराएगा, जिससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ना तय है।

## 25वें अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व पर अलका पाठक को राष्ट्रीय अभ्युदय सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास उज्जैन द्वारा 25 वे अंतर्राष्ट्रीय रजत जयंती कलापर्व के भव्य अलंकरण समारोह में आष्टा की युवा चित्रकारा अलका मनीष पाठक को राष्ट्रीय युवा अभ्युदय सम्मान से अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चित्रकार जतिन दास, अवंतिका यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रमोद व कलावर्त न्यास के अध्यक्ष सीके काले द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश में युवा कलाकार जो अपनी तूलिका के माध्यम से कला के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखते है



उन्हे प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि अलका मनीष पाठक को पूर्व में भी कला के क्षेत्र के कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। कलावर्त न्यास के रजत जयंती पर्व के इस अवसर पर देश के ख्यातिलब्ध चित्रकारों को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय चित्रवाण सम्मान प्रदान किए गए।

### संपदा 2.0 लागू होने से प्रॉपर्टी खरीदने पर घर पर ही नामांतरण की सुविधा

# रजिस्ट्री, नामांतरण के लिए अब नहीं बुलाए जाएंगे गवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नए साल में लोगों को काफी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।भूमि व भवन की रजिस्ट्री कराने वाले लोगों की कवायद नए साल 2024 में कम होगी।संपदा 2.0 लागू होने के कारण लोगों को प्रॉपर्टी खरीदने के बाद घर पर ही नामांतरण की सुविधा मिल सकेगी। इस प्रक्रिया में अब गवाहों को उप पंजीयक कार्यालय लाने की जरूरत नहीं होगी। उनके आधार कार्ड से ही रजिस्ट्री को चयनित कर लिया जाएगा। साथ ही विक्रेता के मोबाइल फोन पर पंजीयन कार्यालय से ओटीपी पहुंचेगा। उसको कंफर्म करने के बाद ही भूमि-भवन की बिक्री का दस्तावेज रजिस्टर्ड किया जा सकेगा। यह सिस्टम पर चालू होने के बाद व्यवस्था प्रारंभ हो जाएगी। नई व्यवस्था फरवरी से लागू होगी। उससे पहले पायलट प्रोजेक्ट में पांच जिलों को संपदा 2.0 के क्रियान्वयन के लिए सिलेक्ट किया है। पहले




चरण की खामियों को दूसरे चरण में दूर किया जाएगा ताकि सिस्टम की कोई परेशानी प्रॉपटी बेचने वाले विक्रेता व खरीदने वाले क्रेता को न उठाना पड़े। अब रजिस्ट्री के समय दोनों पक्षों को क्रेता-विक्रेता अपने साथ सब रजिस्ट्रार कार्यालय नहीं लाने पड़ेंगे। सिर्फ उनके आधार कार्ड से ही रजिस्ट्री सिलेक्ट हो जाएगी। पहले वयानामा के समय गवाहों की भीड़ से ही उप पंजीयक कार्यालय हाउसफुल हो जाता था।भीड़ को कम करने के लिए संपदा 2.0 में गवाहों के आधार कार्ड को ही मान्यता प्रदान कर दी है। यहां बता दें कि भूमि या भवन बेचने वाले पक्षकार के मोबाइल फोन पर पंजीयन कार्यालय से ओटीपी जाएगा। जब तक क्रेता उसके मान्य कर ओके नहीं कर देगा तब तक उप पंजीयक कार्यालय में संबंधित प्रॉपर्टी मान्य नहीं होगी। इससे किसी की जमीन को किसी और द्वारा बेच देने जैसे धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा। आष्टा में हर महीने सैकड़ों दस्तावेज पंजीकृत किए जाते हैं। अब भवन अथवा भूखंड को रजिस्ट्री कराते समय ही रेवेन्यूकेस मानीटरिंग सिस्टम के जरिए भवन अथवा भूखंड स्वामी का नामांतरण फार्म भी भर दिया जाएगा। इसके बाद यह नामांतरण फार्म सीधे साइबर तहसील कार्यालय में चला जाएगा। वहां से संबंधित व्यक्ति को बिना अलग से आवेदन किए ही 10 दिनों में नामांतरण पत्र मिल जाएगा। उप पंजीयक भारती कोहद ने बताया कि खास बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति ने अपने पूरे रकबा की रजिस्ट्री कराई है तो तहसील में जाकर अलग से नामांतरण प्रक्रिया पूरी नहीं करनी पड़ेगी। पुरानी रजिस्ट्री के मामलों में नामांतरण को लेकर पहले जैसी प्रक्रिया जारी रहेगी।यह व्यवस्था सिस्टम पर आते ही ने वर्ष में प्रारंभ होगी।

## अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन ने विधायक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को घोड़े पर बैठकर आयोजन समिति के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे सर्व प्रथम बाबा साहेब भीम राव आंबेडकरकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया तत पश्चात बलाई समाज युवा संगठन द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत वर्ष



में बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान अनुसार ही हम सभी चल रहे हैं और भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं से हम स्वयं हमारा परिवार और हमारा समाज लाभान्वित हो रहा है समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने में हम सभी साथ थे और रहेंगे भारत देश को विकसित और विकासशील देशों में अग्रणी करे हम सभी भारत के भविष्य को उज्जवल करें विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आयोजन समिति को कार्यक्रम की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर अखिल भारतीय बलाई समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवम् युवा साथी गण उपस्थित रहे।